# हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल -II के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अंकेक्षण अवधि 04/2015 से 03/2016

## भाग–एक

**1 प्रस्तावना**

निदेशक स्थानीय लेखा प्ररीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश) को आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण नियम 2004 की धारा 28(3) के अंतर्गत विहित प्रावधानों व हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एच. एस.जी.-4(डी) 1-1/92/2 दिनांक 13.09.2004 के अनुसार आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण हेतु अधिकृत किया गया हैं। तदनुसार आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के निर्माण मण्डल-II जिला शिमला के लेखाओं अवधि 04/2015 से 03/2016 का अंकेक्षण एवं निरीक्षण का कार्य किया गया।

अंकेक्षण अवधि 01.04.2015 से 31.03.2016 के दौरान श्री संदीप सेन, अधिशाषी अभियन्ता द्वारा इस मण्डल के आहरण /संवितरण अधिकारी के पद का कार्य निष्पादित किया गया।

**(क) हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल -II के लेखाओं अवधि 01.04.2015 से 31.03.2016 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार निम्न प्रकार से है:-**

| क्रम सं. | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण | पैरा सं. | राशि (₹) लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टाफ अग्रिम समायोजन हेतु शेष। | 4(क) | 0.83 |
| 2 | विविध अग्रिम समायोजन हेतु शेष। | 4(ख) | 26.79 |
| 3 | जल प्रभार के रूप में मकान/प्लाट मालिकों से वसूली हेतु शेष | 5(क) | 9.21 |
| 4 | रख रखाव प्रभार के रूप में मकान/प्लाट मालिकों से वसूली हेतु शेष । | 5(ख) | 40.02 |
| 5 | संविदाकारों के धरोहर/प्रतिभूति जमा खातों का दिनांक 31.03.2015 को डेबिट पाये जाने के कारण, संविदाकारों को जमा धरोहर/प्रतिभूति से अधिक भुगतान | 6 | 2.98 |
| 6 | 7mm thick Steel Plate हेतु गलत conversion Factor लिए जाने के कारण अनुबन्ध की मद संख्या 31 i.e “Steel Work Welded” के संदर्भ में संविदाकार को अधिक भुगतान किए जाने बारे । | 8(i) | 0.91 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | अनुबन्ध की मद संख्या 52 i.e "Demoliation of brick work above Ground Level" की तुलना में अनुबन्ध की मद संख्या 10 i.e "Half Brick Massonary" की मात्रा का अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को अधिक भुगतान | 8(ii) | 0.55 |
| 8 | अनुबन्ध की मद संख्या 50 .1 i.e "Demoliation below Ground Level up to 15cm thickness" की तुलना में अनुबन्ध की मद संख्या 5 i.e "CC 1:4:8" की मात्रा का अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को अधिक भुगतान | 8(iii) | 0.45 |
| 9 | अनुबन्ध की मद संख्या 50 .1 i.e "Demoliation below Ground Level up to 15cm thickness" की तुलना में अनुबन्ध की मद संख्या 41 i.e "15mm Cement Plaster" की मात्रा का अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को अधिक भुगतान। | 8(iv) | 0.02 |
| 10 | अनुबन्ध की मद संख्या 56 i.e "Dismentling Doors, Windows" की measurement unit गलत लिए जाने के कारण संविदाकार को अनुचित लाभ। | 8(v) | 0.44 |
| 11 | 10 cc दावे के रूप में संविदाकार को अधिक भुगतान। | 9 | 0.72 |
| 12 | अतिरिक्त मदों (Extra Items) के मूल्य का अधिक निर्धारण किए जाने के कारण संविदाकार को अनुचित लाभ प्रदान करना। | 10(i) | 0.04 |
| 13 | RD की गलत गणना के कारण संविदाकार को अनियमित भुगतान। | 11(i) | 0.16 |
| 14 | अनुबन्ध की मद संख्या 31.1 i.e. P & L in trenches Cast Spun Iron Pipes 100mm Dia की भुगतान दर अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को अधिक भुगतान। | 11(ii) | 0.10 |
| 15 | Approved Drawing की तुलना में Window-2 की अधिक मात्रा लिए जाने के कारण संविदाकार को अनुबंध की मद संख्या 42( B) i.e Prov. Pressed Steel Door/Window (Profile B) हेतु अधिक भुगतान। | 12(i) | 0.09 |
| 16 | सेवा कर से संबन्धित राशि को Custom & Central Excise Deptt. में समय पर जमा न करवाया जाना । | 13 | 45.24 |
| 17 | नियमों की अवहेलना करके संविदाकार/ठेकेदारों को सुरक्षित अग्रिम प्रदान किए जाने के कारण अनुचित लाभ प्रदान करना | 14 | 8.13 |
| 18 | संविदाकार/ठेकेदार की कालातीत हो चुकी प्रतिभूति की राशि को जब्त न किया जाने के कारण निर्माण मण्डल को हानि | 16 | 0.16 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | वीप होल्स की कार्य मद का अलग भुगतान करने से आर.आर. मैसनरी की मात्रा के लिए संविदाकार को अधिक भुगतान | 17 | 0.30 |
| 20 | संविदाकार के खाता बहियों को जारी किए गए सीमेन्ट के मूल्य से डेबिट न किया जाना। | 22 | 0.17 |
| 21 | परिवार नियोजन भत्ते के रूप में अनियमित भुगतान | 24 | 0.08 |
| 22 | यात्रा भत्ते का अनियमित भुगतान। | 25 | 0.10 |

**(ख) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण अंकेक्षण प्रतिवेदन में संलग्न **परिशिष्ट "क"** में दर्शाई गई हैं । वर्ष 04/88 से 03/2015 तक मण्डल से संबन्धित **62** पैरे शेष हैं, जिनका वर्षवार विवरण निम्न प्रकार से हैं :-

| **क्र.सं.** | **वर्ष** | **शेष पैरो की सं.** |
|---|---|---|
| 1 | 04/2003 to 03/2004 | 2 |
| 2 | 04/2004 to 03/2005 | 1 |
| 3 | 04/2005 to 03/2006 | 6 |
| 4 | 04/2006 to 03/2007 | 1 |
| 5 | 04/2007 to 03/2008 | 1 |
| 6 | 04/2011 to 03/2012 | 1 |
| 7 | 04/2012 to 03/2013 | 4 |
| 8 | 04/2013 to 03/2014 | 1 |
| 9 | 04/2014 to 03/2015 | 6 |
| 10 | 04/1988 to 03/1989 | 2 |
| 11 | 04/1989 to 03/1990 | 1 |
| 12 | 04/1990 to 03/1991 | 2 |
| 13 | 04/1991 to 03/1992 | 1 |
| 14 | 04/1992 to 03/1993 | 1 |
| 15 | 04/1993 to 03/1994 | 2 |
| 16 | 04/1994 to 03/1995 | 4 |
| 17 | 04/1995 to 03/1996 | 11 |
| 18 | 04/1996 to 03/1997 | 3 |
| 19 | 04/1997 to 03/1998 | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| 20 | 04/1999 to 15.01.01 | 6 |
| | **Total** | **62** |

अत: अधिशाषी अभियन्ता, आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल–II, जिला शिमला, हि. प्र. उपरोक्त शेष अनिर्णीत पैरो के सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही करने के उपरांत इन पैरो का निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

## भाग–2

**2 वर्तमान अंकेक्षण**

आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल -II के लेखाओं अवधि 01.04.2015 से 31.03.2016 तक की वर्तमान लेखा परीक्षा सर्वश्री अनिल शर्मा, अनुभाग अधिकारी (ले0प0) एवं रविंद्र सिंह अनुभाग अधिकारी (ले. प.) द्वारा दिनांक 19.12.2016 से 15.02.2017 तक श्री सतपाल सिंह, उप निदेशक स्थानीय लेखा प्रीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश), शिमला -09 के पर्यावेक्षण में मण्डल स्थित कार्यालय शिमला में किया गया। मास 03/2016 के लेखों का चयन विस्तृत जाँच के लिए किया गया, जिसके परिणामों को निम्न अंकेक्षण आपत्तियों में समाविष्ट किया गया हैं। अंकेक्षण प्रतिवेदन में निम्न अंकेक्षण आपत्तियों में दर्शाए गए अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख उपलब्ध करवाए गए।

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण, अधिशाषी अभियन्ता, आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण निर्माण मण्डल –II, जिला शिमला, हि. प्र. द्वारा प्रेषित सूचनाओं के आधार पर किया गया हैं, किसी प्रकार की अधूरी व छुपाई गई सूचना के लिए स्थानीय लेखा प्रीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश ) शिमला -09 का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। क्योंकि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण केवल चयनित मासों तक ही सीमित रखा गया हैं।

**3 अंकेक्षण शुल्क: –**

हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण के निर्माण मण्डल -II जिला शिमला के लेखाओं अवधि 04/2015 से 03/2016 का अंकेक्षण करने के शुल्क की राशि जमा करवाने हेतु सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण शिमला-02 को अलग से अनुरोध किया जाएगा।

**4 ( क) स्टाफ अग्रिम ₹0.83 लाख समायोजन हेतु शेष: –**

स्टाफ अग्रिम लेखा की जाँच करने पर गया कि दिनांक 31.03.2016 को ₹83144/- समायोजन हेतु शेष थी। जिसका विवरण इस निम्न दिया गया हैं। स्टाफ अग्रिम विवरण की जाँच में पाया गया कि अधिकतर अग्रिम वाहन चालको से संबन्धित थे। अत: इस संबंध में अग्रिम के समायोजन हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए। तथा कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाए।

| कर्मचारी का नाम एवं पद | खाता पृ.सं. | वर्ष 2015-16 के अन्त में देय |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह, चालक | 237 | 49735.00 |
| श्री रजिन्द्र पाल सिंह, चालक | 229 | 694.00 |
| श्री प्रेम लाल, कनिष्ठ अभियन्ता | 244 | 7800.00 |
| श्री सुरेन्द्र सिंह, चालक | 428 | 18481.00 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दुर्गा दास, चालक | 431 | 6434.00 |
| | **कुल** | **₹83144.00** |

**(ख) दिनांक 31.03.2016 को विविध अग्रिम लेखा शीर्षक के अंतर्गत ₹26.79 लाख समायोजन हेतु शेष**

विविध अग्रिम से संबन्धित विवरण की जाँच करने पर पाया गया कि निर्माण मण्डल–II के अंतर्गत दिनांक 31.03.2016 को विभिन्न विभागों/फ़र्मों/संविदाकारों से ₹2678846/- समायोजन हेतु शेष थी। इस राशि का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। जाँच करने पर पाया गया कि विविध अग्रिम की अधिकतर राशियाँ अनेक वर्षो से निपटारे हेतु लम्बित पड़ी हुई हैं। अत: इस संबंध में अग्रिम के समायोजन हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाए।

| **फ़र्म का नाम** | **Ledger Page No.** | **वर्ष 2015-16 के अन्त में देय** |
|---|---|---|
| HP State Civil Supply Corporation Ltd. Shimla | 423 | 2176176.00 |
| Indian Oil Corporation, Shimla | 428 | 4743.00 |
| HP Agro Industries | 429 | 102375.00 |
| Steel Authority of India | 425 | 143556.00 |
| Rashitya Ispat Nigam Ltd. | 429 | 2853.00 |
| Sh.Bhawani Dutt, Contractor | 428 | 249143.00 |
| | **Total** | **2678846.00** |

**5. (क) जल प्रभार की `₹09.21 लाख वसूली हेतु शेष :-**

हिमुड़ा निर्माण मण्डल-II के अंतर्गत विभिन्न आवास बस्तियों के मकान/प्लाट मालिकों से दिनांक 31.03.2016 तक ₹920949 जल प्रभार के रूप में वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण निम्न दिया गया हैं। इस राशि की वसूली हेतु अपेक्षित उचित एवं प्रभावशाली कदम उठाए जायें।

| **क्रम सं.** | **आवासीय बस्ती का नाम** | **जल प्रभार की दिनांक 31.03.2016 तक शेष राशि** |
|---|---|---|
| 1 | आवास बस्ती शोघी | 373703.00 |
| 2 | आवास बस्ती बी0सी0एस0 फेज–II न्यू शिमला | 165116.00 |
| 3 | आवास बस्ती कंडाघाट | 321230.00 |
| 4 | आवास बस्ती बसाल | 59048.00 |
| 5 | आवास बस्ती सोलन फेज-II | 1852.00 |
| | **कुल योग** | 920949.00 |

**(ख) ₹40.02 लाख का रख रखाव प्रभार के रूप में मकान/प्लाट मालिकों से वसूली हेतु शेष :-**

हिमुड़ा निर्माण मण्डल-II के अंतर्गत विभिन्न आवास बस्तियों के मकान/प्लाट मालिकों से दिनांक 31.03.2016 तक ₹4001642 रख रखाव प्रभार के रूप में वसूली हेतु शेष थी जिसका विवरण निम्न दिया गया हैं। इस राशि की वसूली हेतु अपेक्षित उचित एवं प्रभावशाली कदम उठाए जायें।

| **क्रम सं.** | **आवासीय बस्ती का नाम** | **रख रखाव प्रभार की दिनांक 31.03.2016 तक शेष राशि** |
|---|---|---|
| 1 | आवास बस्ती शोघी | 1105488.00 |
| 2 | आवास बस्ती बी0सी0एस0 फेज–II न्यू शिमला | 336404.00 |
| 3 | आवास बस्ती Kasumpati(Chhabroti) | 736338.00 |
| 4 | आवास बस्ती कंडाघाट | 599113.00 |
| 5 | आवास बस्ती सोलन फेज-I | 10682.00 |
| 6 | आवास बस्ती सोलन फेज-II(सपरून) | 588814.00 |
| 7 | आवास बस्ती बसाल | 624803.00 |
| | **कुल योग** | **4001642.00** |

**6 ₹2.98 लाख का संविदाकारों के धरोहर/प्रतिभूति जमा खातों में डेबिट रूप में पाया जाना :-**

संविदाकारों की प्रतिभूति जमा खाता बही का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.2016 को विभिन्न संविदाकारो के व्यक्तिगत खातों में ₹298125/– की धरोहर/प्रतिभूति जमा राशि का अंतशेष डेबिट रूप में पाया गया जिसका विवरण संलग्न **परिशिष्ट– ख** पर दिया गया है। संविदाकारों की प्रतिभूति खाता में अंतशेष का डेबिट होना यह दर्शाता हैं कि जितनी राशि संविदाकारों से धरोहर/प्रतिभूति के रूप में प्राप्त की गई थी उससे अधिक राशि का भुगतान संविदाकार को कर दिया गया। संविदाकार को जमा प्रतिभूति से अधिक भुगतान एक अत्यंत गंभीर अनियमितता हैं। अत: इस संबंध में उचित छानबीन की जाए और ₹298125.00 के डेबिट बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा डेबिट राशि की वसूली संबन्धित संविदाकार से की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाए।

**7 उप–मण्डल की रोकड़ प्राप्तियों को विलंब से जमा करवाया जाना**

अंकेक्षण के दौरान उप मण्डल सोलन की जल प्रभार और रख रखाव प्रभार के रूप में विभिन्न मकान/प्लाट मालिकों से प्राप्त आय की संबन्धित अभिलेखों से पड़ताल करने पर पाया गया कि प्राप्त आय को निर्माण मण्डल –II में विलम्ब से जमा करवाया जा रहा था। जो कि वित्तीय नियमों के विरुद्ध होने के साथ साथ प्राप्त राशि का अस्थाई दुर्विनियोजन भी हैं। देरी से जमा करवाई गई राशि का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट- ग** पर दिया गया हैं। अत: मण्डल स्तर पर आय को देरी से जमा करवाए जाने को न्यायोचित ठहराया जाए साथ ही भविष्य में उप मण्डल स्तर पर एकत्रित आय को शीघ्र अति शीघ्र मण्डल खाते में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाए।

8 **वाऊचर संख्या 143 दिनांक 31.03.2016 ₹2088142.00**

| | |
|---|---|
| निर्माण कार्य का नाम | Repair & Renovation of Coop. Bank Complex at ACSTI, Sanghti(SH:Renovation of Hostel Block, Admin Block, Faculty Block Glass House) |
| संविदाकार का नाम | M/S AG Construction |
| अनुबंध सं. | 05 of 2015-16 |
| चलित बिल | 1st से 6th |

उपरोक्त निर्माण कार्य का आबंटन M/S AG Construction को अधिशाषी अभियन्ता के पत्र संख्या HBS(SD-II)A-432/2015-395-403 दिनांक 01.05.2015 समय अवधि 12 माह ₹26817499.46 के लिये किया गया जो कि कुल अनुमानित ₹23825070.59 का 12.56%अधिक था । इस कार्य के समस्त बिलों (कार्य आबंटन से मार्च 2016 तक) का विस्तृत अंकेक्षण किया गया। इस कार्य के विभिन्न कार्य बिलों में निम्न आपत्तियाँ पाई गई:-

**(i) 7mm thick Steel Plate हेतु गलत conversion Factor लिए जाने के कारण संविदाकार को अनुबन्ध की मद संख्या 31 i.e "Steel Work Welded" के संदर्भ में ₹0.91 लाख का अधिक भुगतान**

अनुबन्ध की मद संख्या 31 i.e "Steel Work Welded" के सम्बन्ध में निष्पादित एवं संविदाकार को भुगतान की गई मात्रा की जाँच करने पर पाया गया कि 4th और 6th चलित बिल में MB No. 972 पृ.सं.40 और पृ.सं.79 पर 7mm thick steel plate का Conversion factor 61.1kg प्रति वर्ग मीटर लिया गया था। जबकि निर्माण के लिए तय मापदण्डो के अनुसार 7mm thick steel plate का Conversion factor 55kg प्रति वर्ग मीटर लिया जाना चाहिए था। Conversion factor अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹90535/- का अधिक भुगतान किया गया। इस अधिक भुगतान का विवरण निम्न सारणी द्वारा स्पष्ट किया गया हैं। अत: इस अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| **Abstract of Cost MB/P.No.** | **Qty. of 7mm Steel Plate executed in Sq. Mtr** | **Conversion Factor for taken per Sq.Mtr** | **Conversion factor as per Rules per Sq.Mtr** | **Excess conversion factor taken per Sq.Mtr** | **Total Excess Qty in KG paid to Contractor** | **Rate as per agreement** | **Total Excess payment (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 967, 52 | 197.69m$^2$ | 61.1kg per Sq.Mt | 55kg per Sq.Mt | 6.1kg per sq.mtr | 1205.91kg | 75.00 per kg | 90443.25 |
| 968, 50 | 0.20 m$^2$ | 61.1kg per Sq.Mt | 55kg per Sq.Mt | 6.1kg per sq.mtr | 1.22kg | 75.00 per kg | 91.5 |
| | | | | | | **Total** | **₹90534.75** |

| | |
|---|---|
| | **or say ₹90535.00** |

**(ii) अनुबन्ध की मद संख्या 52 i.e “Demoliation of brick work above Ground Level” की तुलना में अनुबन्ध की मद संख्या 10 i.e “Half Brick Massonary” की मात्रा का अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹0.55 लाख का अधिक भुगतान।**

अंकेक्षण में $1^{st}$ चलित बिल में Toilet of Hostel Block (MB No. 968 P.No.1,5) और $3^{rd}$ चलित बिल में Hostel Block $2^{nd}$ half portion Toilets (MB No. 967 P.No.27,29) हेतु अनुबन्ध की मद संख्या 52 i.e “Demoliation of brick work above Ground Level” और मद संख्या 10 i.e “Half Brick Massonary” के लिए माप पुस्तिका मे वर्णित लम्बाई और ऊँचाई की आपस में तुलना करने पर पाया गया कि मद संख्या 10 i.e “Half Brick Massonary” हेतु गलत लम्बाई और ऊँचाई की मात्रा ली गई थी। जबकि मद संख्या 52 में वर्णित लम्बाई और ऊँचाई के अनुसार ही मद संख्या 10 का भुगतान किया जाना चाहिए था। क्योंकि demoliation of brick work के बाद उसी लम्बाई और ऊँचाई में half brick massonary लगाई जानी अपेक्षित थी। यदि निर्माण साईट के अनुसार half brick massonary हेतु लम्बाई और ऊँचाई बढ़ाई गई थी तो इस तथ्य का कोई विवरण Site Order Book में नहीं दिया गया था और न ही इस तथ्य का कोई विवरण Approved Drawing में दिया गया था। इस प्रकार मद संख्या 10 हेतु गलत लम्बाई और ऊँचाई की मात्रा लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹55160/- का अधिक भुगतान किया गया। इस अधिक भुगतान का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: इस अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| **For Toilets of Hostel Block** | | | |
|---|---|---|---|
| **Item No. 52 i.e. “Demoliation of brick work above Ground Level”** | **Item No. 10 i.e “Half Brick Massonary”** | **Qty of Item No. 10 should be paid to the Contractor as per Audit** | **Total Excess Qty of item No. 10 Paid up to $1^{st}$ Running Bill** |
| **Qty Executed & paid during $1^{st}$ Running Bill** | | | |
| **MB 968 P.No.1** | **MB 968 P.No.5** | | |
| 18X2X1.95X0.115X2.90=23.41$m^3$<br>18X2X2.00X0.115X2.60=21.53$m^3$<br>Total 44.94$m^3$ | 18X2.00X2.90= 104.40$m^2$<br>18X2.65X2.60 =124.02$m^2$<br>Total 228.42$m^2$<br>Less:Deduction for windows<br>18X0.80X2.14 30.82$m^2$<br>Total 197.60$m^2$ | 18X1.95X2.90=101.79 $m^2$<br>18X2.00X2.60= 93.60 $m^2$<br>Total 195.39 $m^2$<br>Less: Deduction for Windows<br>18X0.80X2.14 30.82$m^2$<br>Total 164.57$m^2$ | 197.60 $m^2$ - 164.57$m^2$ = 33.03 $m^2$ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Toilets Hostel Block 2nd Half Portion** | | | |
| **Qty Executed & paid during 3rd Running Bill** | | | |
| **MB 967 P.No.27** | **MB 967 P.No.29** | | |
| 18X2X1.95X0.115X2.90=23.41m$^3$<br>18X2X2.00X0.115X2.60=21.53m$^3$<br>Total 44.94m$^3$ | 18X2.00X2.90= 104.40m$^2$<br>18X2.65X2.60 =124.02m$^2$<br>Total 228.42m$^2$<br>Less:Deduction for windows<br>18X0.80X2.14 30.82m$^2$<br>Total 197.60m$^2$ | 18X1.95X2.90=101.79 m$^2$<br>18X2.00X2.60 = 93.60 m$^2$<br>Total 195.39 m$^2$<br>Less: Deduction for Windows<br>18X0.80X2.14 30.82m$^2$<br>Total 164.57m$^2$ | 197.60 m$^2$-164.57m$^2$= 33.03 m$^2$ |
| **Total Excess Qty of Item No. 10 Paid in 1st and 3rd Running Bill** | | | **33.03 m$^2$ + 33.03 m$^2$ = 66.06 m$^2$** |
| **Allotted Rate of Item No. 10** | | | **835.00 per Sqmtr.** |
| **Total Excess payment for Item No. 10 to the Contractor** | | | **66.06 m$^2$ X 835.00 per Sqmtr = 55160.10 or say 55160/-** |

**(iii) अनुबन्ध की मद संख्या 50.1 i.e "Demoliation below Ground Level up to 15cm thickness" की तुलना में अनुबन्ध की मद संख्या 5 i.e "CC 1:4:8" की मात्रा का अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹0.45 लाख का अधिक भुगतान।**

अंकेक्षण में 2nd चलित बिल में Depression of Toilet of Hostel Block (MB No. 968 P.No.6 ) के संदर्भ में अनुबन्ध की मद संख्या 50.1 i.e "Demoliation below Ground Level up to 15cm thickness" और मद संख्या 5 i.e "CC 1:4:8 " के लिए MB मे वर्णित गहराई की आपस में तुलना करने पर पाया गया कि मद संख्या 5 i.e "CC 1:4:8 " हेतु गलत गहराई की मात्रा ली गई थी। जबकि मद संख्या 50.1 में वर्णित गहराई के अनुसार ही मद संख्या 5 का भुगतान किया जाना चाहिए था। क्योंकि demoliation below GL for Toilet Depression 15cm thickness हेतु किया गया था। उस स्थिति में Cement Concrete 1:4:8 भी 15cm गहराई में ही किया जाना अपेक्षित था। यदि निर्माण साईट के अनुसार Cement Concrete 1:4:8 अधिक गहराई में किया गया था तो इस तथ्य का कोई विवरण Site Order Book में नहीं दिया गया था और न ही इस तथ्य का कोई विवरण Approved Drawing में दिया गया था। इस प्रकार मद संख्या 5 हेतु गलत गहराई की मात्रा लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹44910/- का अधिक भुगतान किया गया। इस अधिक भुगतान का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: इस अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| Record MB No/P.No. | | | Qty Executed & paid during 2nd Running Bill |
|---|---|---|---|
| 968 P.No. 6 | For Toilet Depression, Hostel Block | Item No. 50.1 i.e "Demoliation below Ground Level up to 15cm thickness" | 18X1X4.25X1.45X**0.15**= 16.63m$^3$ |
| 967, 18 | | Item No. 5 i.e **Cement Concrete 1:4:8** | 2X9X2.10X1.76X**0.30**= 19.96m$^3$<br>Total 19.96m$^3$ |
| **Qty of Item No. 5 should be paid to the Contractor as per Audit** | | | |
| | | | 2X9X2.10X1.76X**0.15**= 9.98m$^3$<br>Total 9.98m$^3$ |
| Total Excess Qty of item No. 5 Paid in 2nd Running Bill | | | 19.96 m$^3$ -9.98m$^3$ = 9.98 m$^3$ |
| Allotted Rate of Item No. 5 | | | 4500.00 per m$^3$ |
| Total Excess payment for Item No. 5 to the Contractor | | | 9.98 m$^3$X 4500.00 per m$^3$ = 44910 |

**(iv) अनुबन्ध की मद संख्या 50.1 i.e "Demoliation below Ground Level up to 15cm thickness" की तुलना में अनुबन्ध की मद संख्या 41 i.e "15mm Cement Plaster" की मात्रा का अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹0.02 लाख का अधिक भुगतान।**

अंकेक्षण में 2nd चलित बिल में Depression of Toilet of Hostel Block (MB No. 968 P.No.6 ) के संदर्भ में अनुबन्ध की मद संख्या 50.1 i.e "Demoliation below Ground Level up to 15cm thickness" और मद संख्या 41 i.e "15mm Cement Plaster" के लिए MB मे वर्णित गहराई की आपस में तुलना करने पर पाया गया कि मद संख्या 41 i.e "15mm Cement Plaster" हेतु गलत गहराई की मात्रा ली गई थी। जबकि मद संख्या 50.1 में वर्णित गहराई के अनुसार ही मद संख्या 41 का भुगतान किया जाना चाहिए था। क्योंकि demoliation below GL for Toilet Depression 15cm thickness हेतु किया गया था। उस स्थिति में 15mm Cement Plaster भी 15cm गहराई में ही किया जाना अपेक्षित था। यदि निर्माण साईट के अनुसार 15mm Cement Plaster अधिक गहराई में किया गया था तो इस तथ्य का कोई विवरण Site Order Book में नहीं दिया गया था और न ही इस तथ्य का कोई विवरण Approved Drawing में दिया गया था। इस प्रकार मद संख्या 41 हेतु गलत गहराई की मात्रा लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹2032/- का अधिक भुगतान किया गया। इस अधिक भुगतान का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: इस अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| Record MB No/P.No. | | | Qty Executed & paid during 1st Running Bill |
|---|---|---|---|
| 968 P.No. 6 | For Toilet Depression, Hostel Block | Item No. 50.1 i.e "Demoliation below Ground Level up to 15cm thickness" | 18X1X4.25X1.45X0.15= 16.63m$^3$ |
| 967, 18 | | Item No. 41 i.e "15mm Cement Plaster" | 2X9(2.10+1.76)0.30= 20.84m$^2$<br>2X9X2.10X2.76 = 104.33m$^2$<br>Total 125.17m$^2$ |
| **Qty of Item No. 41 should be paid to the Contractor as per Audit** | | | |
| | | | 2X9(2.10+1.76)0.15= 10.42m$^2$<br>2X9X2.10X2.76 = 104.33m$^2$ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | Total 114.75$m^2$ |
| Total Excess Qty of item No. 41 Paid in 2nd Running Bill | | | 125.17 $m^2$ -114.75$m^2$ = 10.42 $m^2$ |
| Allotted Rate of Item No. 41 | | | 195.00 per Sqmtr. |
| | | | |
| Total Excess payment for Item No. 41 to the Contractor | | | 10.42 $m^2$ X 195.00 per Sqmtr = 2031.90 or say 2032/- |

**(v) अनुबन्ध की मद संख्या 56 i.e "Dismentling Doors, Windows" की measurement unit गलत लिए जाने के कारण संविदाकार को `₹0.44 लाख का अनुचित लाभ।**

अनुबन्ध की मद संख्या 56 i.e "Dismentling Doors, Windows" के संदर्भ में Schedule of Quantity और Measurement Book इत्यादि की पड़ताल करने पर पाया गया कि मद संख्या 56 के सम्बन्ध में Schedule of Quantity में Doors,Windows को Dismentling करने पर संविदाकार को भुगतान प्रति Doors और Window किया जाना अपेक्षित था। जबकि इसके विपरीत 1st चलित बिल से 4th चलित बिल के दौरान मद संख्या 56 के लिए संविदाकार को भुगतान वर्ग मीटर के आधार पर किया गया था। इस प्रकार अनुबन्ध के प्रावधानों के विपरीत गलत measurement unit लगाए जाने के कारण संविदाकार को 5th चलित बिल तक 43868/- का अनुचित लाभ प्रदान किया गया। विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: इस सम्बन्ध में उचित विभागीय छानबीन की जाए और संबन्धित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए तथा कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाये।

| **Running Bill No.** | **Date of Payment** | **Record MB No/P.No.** | **Abstract of Cost MB No.** | **Qty Executed & paid in Sqr.mtr** | **Rate Given per Sqr. mtr** | **Total Payment made** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1st | 10.07.2015 | 968/06 | 967/06 | 474.83$m^2$ | 75 per $m^2$ | 35612.25 |
| 2nd | | | No qty executed or paid | | | |
| 3rd | 09.11.2015 | 967/28 | 972/17 | 434.08 $m^2$ | 75 per $m^2$ | 32556.00 |
| 4th | | | No qty executed or paid | | | |
| **Total payment made up 4th Running Bill** | | | | | | **68168.25** |
| Necessary correction made in 5th Running Bill on MB 968 P.no. 45 when Item No. 56 was paid according to Schedule of Quantity . | | | | | | |
| Total Quantity of Doors & Windows dismental up to 5th Running Bill as per MB 968 P.No. 45 (Date of payment was 29.02.2016) | | | | | | 243 |
| Rate as per Schedule of Quantity | | | | | | 100 per Door, Window |
| **Total payment due to Contractor up to 5th Running Bill** | | | | | | **24300.00** |
| **Excess payment up to 5th Running Bill (68168.25-24300)** | | | | | | **43868.25** |

9. **वाऊचर संख्या 98 दिनांक 19.03.2016 ₹722416.00**

| | |
|---|---|
| निर्माण कार्य का नाम | C/o PSFS(Chhabroti) at Kasumpati (SH: 15 Nos Cat-I Flats Block No. 9,10 & 11) 30 Nos. Cat-II Flats (Block 12A,14,15 &16) & 6 No Cat-III Flats (Block No.-12) i/c WS & SI and Dev of Site & C/O R/Walls along main Road RD 0/200 to 0/293 mtr Group-IV |
| संविदाकार का नाम | M/S Om Parkash Surinder Mohan |
| अनुबंध सं. | 18 of 2007-08 |
| | 10cc Claim |

**संविदाकार को 10 cc दावे के रूप में ₹0.72 लाख का अधिक भुगतान**

नियमानुसार पूर्व वर्षों के अंकेक्षण प्रतिवेदनों में वर्णित निर्माण कार्य से संबन्धित अधिक भुगतान के मामले, जिनकी उस निर्माण कार्य से संबन्धित आगामी चलित बिलों में, जिनका भुगतान अंकेक्षण के बाद किया गया था, से वसूली कर दी गई हो, को संविदाकार के Gross Value of Work Done में से कम दर्शा कर 10 cc दावे की गणना करनी चाहिए। अकेक्षण में संविदाकार को 10cc दावे के संबंध में किए गए भुगतान की जाँच करने पर पाया गया कि ऐसी अंकेक्षण आपत्तियाँ जिनके संबंध में संविदाकार के चलित बिल से वसूली कर ली गई थी को संविदाकार के Gross Value of Work Done में से कम नहीं किया गया था। जिसके फलस्वरूप संविदाकार को 10cc दावे का ₹72154.00 का अधिक भुगतान किया गया। इस अधिक भुगतान का विवरण **परिशिष्ट-घ** पर दिया गया हैं। अत: ₹72154.00 का अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस राशि की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

10 **वाऊचर संख्या 130 दिनांक 31.03.2016 ₹828578.00**

| | |
|---|---|
| निर्माण कार्य का नाम | C/o PSFS at Kandaghat, Distt. Solan(SH:-C/O 8 Nos Garrage, 4 Nos Shops and 1 No. Hall) |
| संविदाकार का नाम | Sh.Suriender Kumar Govt. Contractor |
| अनुबंध सं. | 03 of 2014-15 |
| Abstract of Cost MB | 948 P.No. 22 to 58 |
| चलित बिल संख्या | 3rd |

**(i) अतिरिक्त मदों ( Extra Items) के मूल्य का अधिक निर्धारण किए जाने के कारण संविदाकार को ₹0.04 लाख का अनुचित लाभ**

उपरोक्त निर्माण कार्य के संदर्भ में 3rd चलित बिल की अंकेक्षण में जाँच करने पर पाया गया कि निम्न अतिरिक्त मदों के सम्बन्ध में भुगतान मूल्य का निर्धारण अनुबंध की धारा 12(i) से (vi) के अंतर्गत न किए जाने के कारण संविदाकार को ₹3888/- का अधिक भुगतान किया गया था। पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: अतिरिक्त मदों हेतु संविदाकार को किए गए अधिक भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा अधिक भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए, साथ ही अतिरिक्त मदों के भुगतान मूल्य की गणना अनुबन्ध की धारा 12(i) से (v) के अंतर्गत न किए जाने का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

| **Agreement Item No.** | **Abstract of Cost MB/P.No** | **Quantity Executed up to 3rd Running Bill** | **Rate Paid to Contractor** | **Rate Approved by the Authority** | **Excess Rate Paid to the Contractor** | **Excess Amount Paid** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| P/F High Preasure PVC Spigot Dia 110mm | 948/ 49 | 21.95rmt | 228.37 per rmt | 202.50 per rmt | 25.87per rmt | 568.00 |
| P/F High Preasure PVC Spigot Dia 75mm | 948/ 50 | 29rmt | 171.00 per rmt | 139.35 per rmt | 31.65per rmt | 918.00 |
| P/F ChinaWash Basin 550X460mm | 948/54 | 2Nos | 7968.00 per pc | 6767.00 per pc | 1201 per pc | 2402.00 |
| | | | | | **Total Excess Payment** | **3888.00** |

**11 वाऊचर संख्या 79 दिनांक 16.03.2016 ₹1808114/-**

| | |
|---|---|
| निर्माण कार्य का नाम | R/R of Co-op. Bank Complex at ACSTI,Sanghti, Summer Hill, Shimla-5 (SH: C/o Boundary Wall,R/work Chain linked fencing,channallization of Nallah etc. |
| संविदाकार का नाम | Sh.Layq Ram Chauhan. Govt Contractor |
| अनुबंध सं. | 16 of 2014-15 |
| Abstract of Cost MB | 941 P.No. 74 to 85 |
| चलित बिल संख्या | 6th |

**(i) RD की गलत गणना के कारण संविदाकार को ₹0.16 लाख का अनियमित भुगतान**

अनुबंध की मद संख्या 11 “RR Masonary in cm 1:6” की अंकेक्षण में जाँच करने पर पाया गया कि 6 th चलित बिल तक 100.57$m^3$ के लिए दर 27 00.00 प्रति घन मी. की दर से कुल

₹271539.00 का भुगतान किया गया था। इस निष्पादित कार्य मात्रा की जाँच करने पर पाया गया कि RD की गलत गणना किए जाने के कारण संविदाकार को उपरोक्त मद हेतु ₹16389.00 का अधिक भुगतान किया गया था। अधिक भुगतान का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: इस अनियमित भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अनियमित भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| **Agreement Item No.** | **Abstract of Cost MB/P.No** | **Calculation as Per Record MB No. 942 P.No. 59** | **Calculation as per Audit** | **Excess Qty. paid** | **Rate paid Per $m^3$** | **Total Excess Amount Paid** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. RR masonary in CM 1:6 | 941 P.No.78 | RD 110 to 250 149X0.75X0.90 = 100.57$m^3$ | RD 110 to 250 140X0.75X0.90 = 94.50$m^3$ | 6.07 $m^3$ | 2700 | 16389.00 |
| | | | | | **Total** | **16389.00** |

**(ii) अनुबन्ध की मद संख्या 31.1 i.e. P & L in trenches Cast Spun Iron Pipes 100mm Dia की भुगतान दर अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹0.10 लाख का अधिक भुगतान**

उपरोक्त निर्माण कार्य के संदर्भ में अनुबन्ध की मद संख्या 31.1 P & L in trenches Cast Spun Iron Pipes 100mm Dia के सम्बन्ध में भुगतान दर, Schedule of Quantity, Abstract of Cost MB इत्यादि की अंकेक्षण में जाँच करने पर पाया गया कि भुगतान दर अधिक लिए जाने के कारण संविदाकार को ₹9940/- का अधिक भुगतान किया गया। अधिक भुगतान का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: इस अनियमित भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए, अन्यथा इस अनियमित भुगतान की वसूली उचित माध्यम से की जानी सुनिश्चित की जाए।

| **Agreement Item No.** | **Abstract of Cost MB/P.No** | **Qty executed and Paid up to 6th Running Bill** | **Rate Given to the Contractor** | **Rate as per Agreement** | **Excess rate Per RMT** | **Total Excess Amount Paid** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (31.1) i.e. P & L in trenches Cast Spun Iron Pipes | 941 P.No.81 | 124.25RMT | 1180 per RMT | 1100 Per RMT | 80.00 | 9940.00 |

100mm Dia

**Total Excess payment 9940.00**

**12 वाऊचर संख्या 93 दिनांक 19.03.2016 ₹ 848880.00**

| | |
|---|---|
| निर्माण कार्य का नाम | C/o 2Nos. Class Room at Dharoti, Rajgrah, Solan |
| संविदाकार का नाम | Sh. Anil Kumar |
| अनुबंध सं. | 2 of 2014-15 |
| चलित बिल | 3rd Running Bill |
| Abstract of Cost MB | Page No. 73 से 81 of MB No. 870 |

**(i) Approved Drawing की तुलना में Window-2 की अधिक मात्रा लिए जाने के कारण संविदाकार को अनुबंध की मद संख्या 42(B) i.e Prov. Pressed Steel Door/Window (Profile B) हेतु ₹0.09 लाख का अधिक भुगतान।**

उपरोक्त निर्माण कार्य के सम्बन्ध में अनुबंध की मद संख्या 42(B) "Prov. Pressed Steel Door/Window (Profile B)" के संदर्भ में 3rd Running Bill तक कुल 516.24rmt कार्य मात्रा **428/-**प्रति RMT की दर से निष्पादित एवं भुगतान की गई थी। इस निर्माण कार्य की Approved Drawing और अनुबन्ध की मद संख्या 15 i.e. "Brick Work" (MB No. 934 पृ. 27) की जाँच करने पर पाया गया कि Window – W2 की न तो Brick Work से Deduction कीगई थी और न ही Window –W2 का Approved Drawing में कोई प्रावधान था। जिससे ऐसा प्रतीत होता हैं कि संविदाकार द्धारा Window– W2 की मात्रा का निष्पादन वास्तव में नहीं किया गया। परन्तु फिर भी संविदाकार को Window– W2 हेतु ₹9262/- का अनियमित भुगतान किया गया। इस राशि का पूर्ण विवरण निम्न दिया गया हैं। अत: इस गलत भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इस राशि की वसूली संविदाकार से की जानी सुनिश्चित की जाए। अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र सूचित किया जाए।

| **Abstract of Cost MB** | **Record MB No.** | **Size as per Approved Drawing** | **Deduction from Bricks work** | **Item No. 42(B) recorded & paid to the Contractor** | **Excess Payment** |
|---|---|---|---|---|---|
| 870 P.No. 82 | 934 P.No.24 | For Window-W2 कोई प्रावधान नहीं. | किसी प्रकार की कोई Deduction नहीं दी गई | For W2 =<br>V= 2X2X1.85= 7.40Rmt<br>= 2X2X1.04= 4.16Rmt<br>= 2X2X0.72= 2.88Rmt<br>H=2X2X0.90= 3.60Rmt<br>=2X2X0.90= 3.60 Rmt<br>Total 21.64Rmt | 21.64Rmt X 428 per Rmt= 9261.92 or Say 9262/- |
| | | | | **Total** | **9262/-** |

**13 सेवा कर से संबन्धित ₹45.24 लाख को Custom & Central Excise Deptt. में जमा न करवाया जाना :–**

अंकेक्षण में विभिन्न खाता वहियों की (Ledgers) जाँच करने पर पाया गया कि सेवा कर खाते में दिनांक 31.03.2016 को ₹4523573/– संविदाकारों के चलित बिलों और आवसीय एवं व्यापारिक परिसरों के आबंटियों से नियमानुसार सेवा कर की कटौती की गई थी साथ ही कटौती की गई ₹ 4523573/– को Custom & Central Excise Deptt. में जमा नहीं करवाया गया था। इस प्रकार सेवा कर की राशि को कटौती करके संबन्धित विभाग में जमा न किया जाना आपत्तिजनक ही नहीं अपितु एक गंभीर वित्तीय अनियमितता भी हैं। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण में उपलब्ध अभिलेखों की पड़ताल करने पर पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान किसी भी माह के दौरान सेवा कर की कटौती की गई राशि को संबन्धित विभाग में जमा नहीं करवाया गया था। अत: सेवा कर की संविदाकारों के चलित बिलों से कटौती करने के उपरांत संबन्धित विभाग में जमा न करवाए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा कटौती की गई सेवा कर की राशि को शीघ्र संबन्धित विभाग में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**14 नियमों की अवहेलना करके संविदाकार/ठेकेदारों को ₹8.13 लाख का अधिक सुरक्षित अग्रिम प्रदान करके अनुचित लाभ प्रदान करना:–**

